प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

सेवा में,

**प्रबन्धक,**
**बी0एन0एस0 स्कूल**
**कुरसातो चौखण्डी–वाराणसी**

पत्रांकः मान्यता/ 17360-63 /2018–19 दिनांकः 15 फरवरी, 2019

विषयः विद्यालय के स्थायी मान्यता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

शासनादेश संख्याः 419/79–6–2013–18 (20)/91 दिनांकः 08 मई, 2013 में दिये गये निर्देश के क्रम में मान्यता समिति के अनुमोदनोपरान्त इस कार्यालय के पत्रांकः मान्यता/8915–17/2015–16 दिनांकः 22–12–2015 के द्वारा **बी0एन0एस0 स्कूल कुरसातो चौखण्डी, वाराणसी** को दिनांकः **01–07–2015** से दिनांकः **31–03–2018** तक तीन वर्ष की अवधि तक के लिए कक्षा–नर्सरी से कक्षा 08 तक के लिए अनन्तिम **अंग्रेजी माध्यम** की मान्यता प्रदान की गयी थी। इस सन्दर्भ में आपने अपने पत्र दिनांकः रहित के द्वारा अन्य पत्रजात संलग्न करते हुए विद्यालय की मान्यता को नवीनीकृत किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गयी है। पत्रावली के परीक्षणोपरान्त एवं दिनांकः **01–07–2015** से दिनांकः **31–03–2018** के बीच मान्यता की शर्तों के उल्लघन से सम्बन्धित कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं हुआ। उक्त विद्यालय, पंजीकृत किरायेदारी के आधार पर संचालित किया जा रहा है।

अतः विद्यालय द्वारा मान्यता की शर्तों के उल्लंघन से सम्बन्धित कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित न होने के फलस्वरूप **बी0एन0एस0 स्कूल कुरसातो चौखण्डी, वाराणसी** को इस कार्यालय के **पत्रांकः/ः बेसिक/ 8915–17 /2015–2016/ दिनांकः 22.12.2015** के द्वारा दी गयी मान्यता को इस प्रतिबन्ध के साथ स्थायी किया जाता है कि शासनादेश संख्याः 419/79–6–2013–18 (20)/91 दिनांकः 08 मई, 2013 में उल्लिखित शर्तें यथावत लागू रहेंगे तथा विद्यालय द्वारा मान्यता हेतु निर्धारित 01 या 01 से अधिक शर्तों का उल्लंघन करने अथवा अनूसूची में निर्धारित मानकों एवं स्तर को पूर्ण करने में चूक की गयी हो तो शासनादेश संख्याः 419/79–6–2013–18 (20)/91 दिनांकः 08 मई, 2013 के नियम–13 के उप नियम (क), (ख), (ग), (घ) के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उक्त के अतिरिक्त प्रबन्धक द्वारा कोई तथ्य छिपाने अथवा कोई अभिलेख त्रुटिपूर्ण, फर्जी एवं असत्य पाये जाने, पर तत्काल प्रभाव से यह आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा, जिसका सम्पूर्ण विधिक उत्तरदायित्व विद्यालय प्रबन्धतन्त्र का होगा।

भवदीय

(जय सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

पृ0सं0: /मान्यता/ /2018–19 उसी तिथि को।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद्, इलाहाबाद।
2– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) पंचम मण्डल, वाराणसी।
3– सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, ग्रामीण/नगर क्षेत्र, वाराणसी।

(जय सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी ।

रामनरेश सिंह
Manager
B. N. S. School
Kursato, Chaukhandi
Varanasi

JPandey
PRINCIPAL
B.N.S. SCHOOL KURSATO
CHAUKHANDI RAILWAY STATION
VARANASI